बिहार सरकार
राज्य आयुक्त नि:शक्तता (दिव्यांगजन) का कार्यालय,
पुराना सचिवालय, सिंचाई भवन परिसर, पटना।
फोन नं0-0612-2215041, email-scdisability2008@gmail.com
Website : scdisabilities.org

पत्रांक-36/आ॰नि॰ दिनांक-13..जनवरी'2021

प्रेषक,

डॉ0 शिवाजी कुमार,
राज्य आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।

सेवा में,

(1) जिला पदाधिकारी, मधुबनी।
(2) पुलिस अधीक्षक, मधुबनी।
(3) असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधुबनी।
(4) थाना प्रभारी, हरलाखी थाना, मधुबनी।

विषय :- **दिनांक-12.01.2021 को मधुबनी जिला के हरलाखी थाना क्षेत्र के कौवाहा बरही गाँव की नाबालिग लड़की के साथ उसी गाँव के कुछ आपराधिक व्यक्तियों द्वारा गैंगरेप, आँखे फोड़ने की घटना को राष्ट्रीय सहारा में प्रकाशित समाचार से सम्बन्धित जाँच प्रतिवेदन समर्पित करने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में दिनांक-12.01.2021 को मधुबनी जिला के हरलाखी थाना क्षेत्र के कौवाहा बरही गाँव की नाबालिग लड़की के साथ उसी गाँव के कुछ आपराधिक व्यक्तियों द्वारा गैंगरेप, आँखे फोड़ने की घटना को राष्ट्रीय सहारा में प्रकाशित समाचार किया है (समाचार पत्र की संदर्भित भाग की प्रति संलग्न)। उक्त घटना की जाँच एवं संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायसम्मत कार्रवाई करना अपेक्षित है।

उल्लेखनीय है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम,2016 की धारा-80 एवं 82 के अन्तर्गत राज्य आयुक्त नि:शक्तता को दिव्यांगजनों के अधिकारों व उपलब्ध सुरक्षापायों से सम्बन्धित मामलें में समुचित प्राधिकारियों को निदेशित करने हेतु प्राधिकृत किया गया है एवं इसके निर्वहण के प्रयोजनार्थ सिविल न्यायालय के समरूप शक्तियाँ प्रदान की गई है।

अत: निदेश दिया जाता है कि इस सम्बन्ध में प्रतिवेदन यथाशीघ्र समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पीडिता को सुरक्षा एवं बिहार राज्य प्रतिकर योजना के अन्तर्गत प्रतिकर प्रदान करना भी सुनिश्चित करेंगे।

अनु0-यथोक्त।

विश्वासभाजन
13.01.2021
राज्य आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।

मंगलवार को विधान पार्षद अर्जुन सहनी और अंजनी देवी ने डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विश्वविद्यालय का दौरा किया और इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रमेश चन्द्र श्रीवास्तव से मुलाकात की। बाद में श्री सहनी ने विश्वविद्यालय के मशरूम उत्पादन केंद्र, मधुमक्खी पालन, म्यूजियम, वर्मीकम्पोस्ट यूनिट आदि का दौरा किया। —— एक रिपोट

# गूंगी व बहरी लड़की से गैंगरैप, आंखें फोड़ी

## घटना हरलाखी थाना क्षेत्र के कौवाहा बरही गांव की, गंभीर अवस्था में सीएचसी के चिकित्सकों ने किया रेफर

हरलाखी / मधुबनी (एसएनबी)। हरलाखी थाना क्षेत्र के कौवाहा बरही गांव में दरिंदों ने एक मूक बधिर नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप कर दोनों आँखें भी फोड़ते हुए हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। यह घटना मंगलवार के दोपहर की बतायी गई है। पीड़ित लड़की की उम्र लगभग 15 वर्ष बतायी जा रही है। पीड़ित लड़की गूंगी एवं बहरी है।

केवल वह अपराधियों को देख कर ही पहचान सकती थी। शायद इसी वजह से अपराधियों ने उसकी दोनों आंखें भी फोड़ डाली। सभी अपराधी गांव के ही बताए जा रहे है। बहरहाल पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गांव में छापेमारी भी कर रही है। पंचायत के मुखिया रामएकबाल मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित दिव्यांग लड़की घर से बाहर गांव के चौर में बकरी चराने गई थी। उसके साथ गांव के और भी बच्चे गए हुए थे। करीब ढ़ाई बजे वहां से आकर एक बच्चे ने घटना की पुरी जानकारी परजिनों को बताया। तब परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। जहां गांव से कुछ दूर, दूसरे मनोहपुर गांव के निकट चौर में पीड़ित लड़की बेहोश परी हुई थी। परिजनों ने जख्मी अवस्था में पीड़ित दिव्यांग लड़की को उमगांव सीएचसी में भर्ती कराया।

जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद लड़की की स्थिति नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल मधुबनी रेफर कर दिया। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि लड़की के कपड़े फटे हुए थे। गुप्तांग में से खून निकल रहे थे। जिससे प्रतीत होता है कि उसका रेप करने के बाद पहचान न सके, इसलिए आंखें भी फोड़ दिए गए है। सीएचसी के चिकित्सक ने बताया कि लड़की के आंख कोई नुकीली चीज से फोड़ दिया गया है। एक आंख तो पूरी तरह से फूटा हुआ है, जिससे फूटे आंख बह रहे थे। दूसरी आंख भी फूटा हुई है। बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया गया है। इधर हरलाखी थानाध्यक्ष प्रेमलाल पासवान ने बताया कि पीड़ित का फर्द बयान नहीं मिला है। पीड़ित को जहां रेफर किया गया है, वहां से बयान आने के बाद न्यायोचित कार्रवाई की जायेगी। वैसे पुलिस ने अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



पीड़िता को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाते परिजन।

## आरा में पांच वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक यौनाचार

आरा (एसएनबी)। नारायणपुर थाना क्षेत्र के सितुहारी गांव में सोमवार को एक 5 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक यौनाचार का मामला सामने आया है घटना उस वक्त घटी जब बालक खलिहान में खेल रहा था आरोप गांव के ही एक युवक पर लगाया गया है। घटना के बाद आरोपित युवक मौके से फरार हो गया। पीड़ित बालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। पीड़ित बालक के परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम जब बालक अपने खलिहान में खेल रहा था। इसी बीच गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर घिनोना कार्य कर दिया। जिससे बालक की हालत बिगड़ हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है।

# मूक-बधिर नाबालिग से दुष्कर्म, दोनों आंखें फोड़ीं

➲ पुलिस ने एक युवक को लिया हिरासत में

संवाददाता ▷ मधुबनी

हरलाखी थाना क्षेत्र के एक गांव में मूक-बधिर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया. इसके बाद बदमाशों ने उसकी दोनों आंखें फोड़ दीं, ताकि लड़की उसकी पहचान नहीं कर सके. हालांकि, दुष्कर्म के बाद आंख फोड़ने से निकले खून के छींटे आरोपित के कपड़े व चेहरे पर दिखे, जिससे लोगों ने उसे पकड़ लिया. पीड़िता के भाई ने मधुबनी सदर अस्पताल में बताया कि मंगलवार की दोपहर उसकी बहन गांव के समीप की नदी के किनारे बकरी के लिए पत्ता लाने गयी थी. इसी बीच, उसके साथ दरिंदे ने दुष्कर्म किया व आंखें भी फोड़ दीं. पीड़िता घर नहीं आयी, तो उसकी खोज शुरू की गयी. इस दौरान वह नदी किनारे वह बेहोश मिली. पीड़िता के भाई ने बताया है कि वह बोल नहीं सकती है. केवल वह अपराधियों को देख कर ही पहचान सकती थी. शायद इसी वजह से अपराधियों ने उसकी दोनों आंखें भी फोड़ दी. पीड़िता के भाई ने बताया है कि बेहोशी की हालत में उसकी बहन मिली. उसे इलाज के लिए तत्काल पीएचसी लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए मधुबनी रेफर कर दिया. इधर, गांव के ही एक युवक के कपड़े व चेहरे पर भी खूने के निशान पाये गये, जिससे शक के आधार पर गांव के लोगों ने उसे पकड़ लिया. पुलिस को इसकी सूचना दी गयी है.

पटना, बुधवार, 13 जनवरी, 2021 | 5

दैनिक भास्कर

## मधुबनी में हैवानियत

# गूंगी लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, आंखें भी फोड़ीं

यह तस्वीर इसलिए प्रकाशित कर रहे हैं, ताकि आपके सामने हम इस वीभत्सता को ला सकें



क्राइम रिपोर्टर | मधुबनी

हरलाखी थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। कुछ हैवानों ने एक गूंगी लड़की के साथ दुष्कर्म किया और इसके बाद उसकी दोनों आंखें फोड़कर फरार हो गए। लड़की जख्मी हालत में बिना कपड़ों के एक बगीचा से मिली। स्थानीय लोगों के सहयोग से हरलाखी पीएचसी में मंगलवार को दोपहर बाद उसे भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल भेज दिया है। लड़की का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। देर शाम मुख्य अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना मंगलवार दोपहर की है। पीड़िता के इलाज के दौरान लड़की की मां ने बताया कि हमलोग अपने घर में थे। इसी बीच गूंगी बेटी बकरी का चारा लेने गई। काफी देर बाद जब घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की। जब बांध की ओर गए तो नदी किनारे दूसरे छोर के पास गाछी में बिना कपड़ों के वह पड़ी मिली। वहां से उसे शॉल में लपेटकर इलाज के लिए उमगांव पीएसची लाया गया। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि लड़की पहचान न कर सकें, इसलिए हैवानों ने उसकी दोनों आंखें फोड़ दी। लड़की की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

हिन्दुस्तान पटना • बुधवार • 13 जनवरी 2021 • 12

### मधुबनी में बकरी के लिए पत्ता तोड़ने खेत में गयी थी छात्रा

# दिव्यांग छात्रा के साथ रेप, दोनों आंखें फोड़ीं

**शर्मनाक**

हरलाखी (मधुबनी) | नि.सं.

हरलाखी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने दिव्यांग (गूंगी) मैट्रिक की छात्रा के साथ दुष्कर्म कर उसकी दोनों आंखों पर किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया। पीड़िता की एक आंख तो खराब हो गयी, दूसरा भी गंभीर रूप से जख्मी है। घटना मंगलवार दोपहर की है। इधर, ग्रामीणों में वारदात में अन्य लोगों के भी शामिल होने की चर्चा है। हालांकि पुलिस ने कहा कि एक युवक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक हरलाखी के एक गांव की छात्रा थूमहानी नदी के किनारे बधार (खेत) में बकरी के लिए पत्ता तोड़ने गयी थी। वहां पहले से मौजूद युवक ने गेहूं के खेत में उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर खेत में ही किसी नुकीली चीज से उसकी दोनों आंखों पर हमला कर दिया। घटना के बाद बेहोशी हालत में छात्रा को खेत में छोड़कर आरोपित फरार हो गया।

बधार गए ग्रामीणों ने जब बेहोशी हालत में छात्रा को गेहूं के खेत में पड़ा देखा तो आनन फानन में इलाज के लिए पीएचसी उमगांव ले आये। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मधुबनी सदर अस्पताल रेफर कर दिया। देर शाम मधुबनी सदर अस्पताल से भी दरभंगा के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी और पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जाता है कि पीड़िता मैट्रिक की छात्रा है। उसके पिता गांव में ही मजदूरी करते हैं।

**जांच**

- गंभीर स्थिति में मधुबनी से डॉक्टरों ने किया दरभंगा रेफर
- पुलिस ने भाई के बयान पर मुख्य आरोपित को किया गिरफ्तार

**01** आंख पूरी तरह से खराब हो गयी

**01** युवक को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

"घटना को लेकर पीड़ित छात्रा के भाई के बयान पर मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पूरे मामले का स्पीडी ट्रायल कराया जाएगा। वहीं पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के मुताबिक मदद दी जाएगी।

– डॉ सत्य प्रकाश
एसपी, मधुबनी

## मुजफ्फरपुर में नाबालिग से रेप के बाद जिंदा जलाया

साहेबगंज (मुजफ्फरपुर)। मुजफ्फरपुर के साहेबगंज में एक 12 वर्षीया नाबालिग को रेप के बाद उसके ही घर के कमरे में जिंदा जला दिया गया। पंजाब से लौटने के बाद पिता ने आवेदन दिया तो मंगलवार को एफआईआर हुई।

मामले में गांव के ही चार युवकों को आरोपित किया गया है। पीड़िता के शव का दाह संस्कार भी कर दिया गया। पीड़ित गांव में अपने दादा-दादी व बड़ी बहन के साथ रहती थी। पिता पंजाब में मजदूरी करता है। एसएसपी जयंतकांत ने बताया कि एसडीपीओ सरैया इसकी जांच कर रहे हैं। थाने को दिये आवेदन के अनुसार, यह घटना तीन जनवरी की है। आरोपितों ने दिन के दस बजे पीड़िता के साथ उसके कमरे में रेप किया। फिर अपने साथियों (नामजद आरोपित) के साथ उसे कमरे में ही जिंदा जला दिया। शव को ठिकाने लगाते हुए पीड़िता की बड़ी बहन ने आरोपितों को देख लिया। इससे पहले वह घर के कमरे से धुआं निकलने पर अपने घर पहुंची थी। उस दौरान वह यह सब देखी और इसकी जानकारी अपने परिजन को दी। दादा-दादी को भी इससे अवगत कराया।

पटना, 13 जनवरी, 2021 दैनिक जागरण 11

# मधुबनी में मूक बधिर किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, आखें फोड़ीं

जासं, हरलाखी (मधुबनी) : मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को दरिंदों ने एक मूक बधिर किशोरी से पहले दुष्कर्म किया। फिर पहचान उजागर होने के भय से उसकी दोनों आखों पर किसी नुकीली चीज से प्रहार कर दिया। उसकी एक आंख पूरी तरह बाहर निकल आई वहीं दूसरी आंख की स्थिति भी खराब है। घटना को गांव और आसपास के दरिंदों ने ही अंजाम दिया। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता को सदर अस्पताल, मधुबनी रेफर कर दिया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जाती है। वहीं थानाध्यक्ष प्रेमलाल पासवान ने शक के आधार पर एक को हिरासत में लिया। उससे पूछताछ जारी थी। पीड़िता के भाई ने बताया कि सुबह आठ बजे उसकी 17 वर्षीया मूक बधिर बहन बकरी का चारा लाने घर से पश्चिम नदी के उस पार खेत में गई थी। सुबह नौ बजे पड़ोस की एक लड़की चिल्लाते आई। बताया कि बहन गंभीर रूप से जख्मी है। दर्द से कराह रही है। जब नदी के पार गेहूं के खेत में पहुंचा तो बहन को जख्मी हालत में बेहोश पड़ा हुआ पाया। उसकी दोनों आंखों से खून बह रहा था। कपड़े अस्तव्यस्त थे। शरीर के अन्य भाग से भी खून बह रहा था। पीड़िता के भाई ने दावा किया कि लक्ष्मी मुखिया ने ही अपने साथियों के साथ वारदात को अंजाम दिया है।